एक नजर में

महाराणा प्रताप जयंती पर चल समारोह आज

सारंगपुर 06 जून, सं. महाराणा प्रताप उत्सव समिति द्वारा महाराणा प्रताप जी की जयंती पर आज रविवार 7 जून को विशाल चल समारोह एवं आम सभा का आयोजन किया जायेगा. समिति के पदाधिकारी ने बताया की आज सुबह 10 बजे से राठी मांगलिक परिसर से विशाल चल समारोह जिसमे बेंड, डिजे ढोल, घोड़ी एवं खुल्ली गाड़ी के साथ चल समारोह शुरू होगा. जो न्यू बस से शुरू हो कर नया अस्पताल, एस डी एम चौराहा, बाग कुआँ टंकी चौक, जमा मज्जिद, सरदार बाजार से निकल कर भेरू दरवाजा चोरहा होकर महाराणा प्रताप चौराहे से राठी परिसर मे विशाल आम सभा के बाद कार्यक्रम का समापन होगा. जिसमें समाज के अनेक वरिष्ठ जन अतिथि के रूप में शामिल होंगे, समिति द्वारा बताया की सभी राजपूत सरदार अपनी वेषभूषा में साफा बांधकर आये और कार्यक्रम को सफल बनाये.

विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ आयोजन

नरसिंहगढ़ 06 जून, सं. मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य एक विशेष अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन का शुभारंभ हुआ. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पॉलीथिन प्लास्टिक उन्मूलन गतिविधि के तहत परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया. उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.चेतन कुमार त्रिपाठी ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए शपथ दिलवाई. पर्यावरण क्लब प्रभारी गिरीश शर्मा द्वारा वनस्पतियों की पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण में महता बताई गई. कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की.

विधायक के जन्म दिन पर बांटे फल

जीरापुर 06 जून, सं. भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा विधायक हजारीलाल दांगी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विभिन्न सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के आयोजन किये गये. इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण किया गया. वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नेतृत्व में कन्या उत्कृष्ट बालिका अनुसूचित जाति छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

विशाल रैली के साथ किन्नर महासम्मेलन

करीब 250 से अधिक किन्नरों ने लिया भाग, आम लोगों ने सहभागिता की, भागवत कथा का आयोजन

किन्नर महासम्मेलन, 50 लोगों की सनातन धर्म में घर वापसी ब्यावरा में गुरु मां मीना नायक बनीं महामंडलेश्वर, शहर में निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 06 जून, का. नगर में करीब 250 से अधिक किन्नरों की उपस्थिति में विशाल धर्म रैली और अनुष्ठान का आयोजन किया गया. रैली रथ और गाजे-बाजे के साथ निकली जिसमें सैंकड़ों की संख्या में किन्नर और आमजन शामिल हुए. नगर में पहली बार इस प्रकार का आयोजन लोगों में चर्चा का विषय रहा. सभी ने आयोजन को बेहद अविस्मरणीय बताया. सुदूर अंचलों से आए किन्नर जगद्गुरु, महामंडलेश्वर और संतों ने समाज को एकता, सेवा और धर्म का संदेश दिया. महासम्मेलन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठान और संत सम्मेलन जैसे कार्यक्रम पूरे हुए.

जगद्गुरु काजल मां की मौजूदगी में राजगढ़ की किन्नर गुरु मां मीना नायक को बकायदा महामंडलेश्वर की उपाधि दी गई. इस मौके पर संतों और भक्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया. 50 से अधिक लोगों की सनातन धर्म में घर वापसी की गई. संतों ने इसे भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रतीक बताया. सम्मेलन में देश के अलग-अलग राज्यों से आए महामंडलेश्वरों और किन्नर अखाड़े के प्रतिनिधियों ने धर्म, संस्कृति और समाज सेवा पर अपनी बात रखी.

वैदिक रीति-रिवाज से कराया शुद्धिकरण

जगद्गुरु काजल मां ने बताया कि इस महासम्मेलन में देशभर के अलग-अलग शहरों से किन्नर समाज के करीब 250 से ज्यादा लोग शामिल हुए. इस दौरान शुक्रवार को विभिन्न शहरों से आए 50 से अधिक किन्नरों की वैदिक रीति-रिवाजों और शुद्धिकरण विधि के साथ सनातन धर्म में वापसी कराई गई. संत समाज ने इसे सामाजिक जागरूकता की एक बड़ी पहल बताया है.

संगीतमय भागवत कथा का आयोजन

महासम्मेलन के तहत विट्ठल वाटिका में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है. दुनिया की दूसरी किन्नर कथावाचक हेमलता मां कथा का वाचन कर रही हैं. उनकी वाणी और कंठस्थ भागवत कथा सुनने के लिए हर दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. इसके साथ ही शनिवार को निकली शोभायात्रा इस महासम्मेलन का सबसे खास आकर्षण रही. सुठालिया रोड स्थित एक निजी स्कूल से शुरू हुई इस यात्रा में 10 से ज्यादा सजी-धजी बग्गियां शामिल थीं, जिन पर धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां सजाई गई थीं.

एसडीएम-वकील विवाद में महिला सामने आई

महिला आई सामने, बोली- पति के साथ नंदन-नंदोई भी करते थे प्रताड़ित, वकील होने की देते थे धौंस

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 06 जून, सं. चर्चित एसडीएम-वकील विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है. जिस मामले में अधिवक्ता द्वारा एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, उसी प्रकरण से जुड़ी शिकायतकर्ता महिला अब सार्वजनिक रूप से सामने आई है. उसका वीडियो भी इन दिनों वायरल हो रहा है. महिला ने अपने पति के साथ-साथ उसके रिश्तेदारों पर भी प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं और कहा है कि वकील होने का प्रभाव दिखाकर उस पर दबाव बनाया जाता था. जानकारी के अनुसार भाटखेड़ी निवासी राधा बाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके पति द्वारा उनके साथ मारपीट की जाती थी. महिला का आरोप है कि पति के साथ उसका नंदन और नंदोई भी उसे परेशान करते थे तथा वकील होने की धौंस देकर बच्चे को अपने पास रखने और उस पर दबाव बनाने का प्रयास करते थे.

इधर, विवाद के केंद्र में रहे सर्च वारंट प्रकरण को लेकर अधिवक्ता रमेश धाकड़ और एसडीएम रोहित बम्होरे के बीच हुई फोन पर बातचीत की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सामने आई है. रिकॉर्डिंग में प्रथम दृष्टया ऐसी कोई स्पष्ट बात सुनाई नहीं देती, जिसमें एफआईआर दर्ज कराने की धमकी या अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया हो. हालांकि ऑडियो रिकॉर्डिंग की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और इसकी सत्यता की आधिकारिक जांच या पुष्टि अभी शेष है. ऐसे में रिकॉर्डिंग की प्रमाणिकता को लेकर कोई अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा.

जो राधा बाई ने आरोप लगाया है वह बिल्कुल निराधार है. मामला अभी जांच में है और आगे जांच उपरांत जो भी निर्णय आयेगा वह मान्य रहेगा.

रमेश धाकड़, अधिवक्ता

कलेक्टर महोदय द्वारा मामले की जांच की जाएगी. मैं अपने द्वारा सभी साक्ष्य कलेक्टर महोदय के समक्ष रखूंगा.

रोहित बम्होरे, एसडीएम सारंगपुर

हनुमान मंदिर में चोरी, चांदी का छत्र ले गए बदमाश

पुजारी की शिकायत पर मामला दर्ज, ग्रामीणों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

जीरापुर 06 जून, सं. थाना क्षेत्र के अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम नाईहेडा स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया. चोर मंदिर का ताला तोड़कर भगवान का चांदी का छत्र, पीतल का सोटा, घंटी सहित तांबे के बर्तन चुरा ले गए. चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 25 हजार रुपए आंकी जा रही है. ग्रामीण अंचल के आस्था केंद्र में हुई इस चोरी की वारदात के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है.

सुबह जब झाड़ू लगाने पहुंचे, तब खुला राज

पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर के पुजारी पप्पू शर्मा रोज की तरह 4 जून की शाम करीब 7.30 बजे भगवान की आरती कर मंदिर के पट बंद करके अपने घर चले गए थे. अगले दिन, 5 जून की सुबह करीब 7 बजे जब ग्रामीण राधेश्याम किरार मंदिर में झाड़ू लगाने पहुंचे, तो उन्हें हनुमान जी की मूर्ति के ऊपर लगा चांदी का छत्र गायब मिला. छत्र गायब होने की सूचना मिलते ही पुजारी पप्पू शर्मा, ग्रामीण रवि और गोविंद किरार के साथ तुरंत मंदिर पहुंचे. अंदर जाकर देखा तो मंदिर से लगभग 100 ग्राम वजनी चांदी का छत्र, पीतल का प्राचीन सोटा, गरुड़ भगवान का प्रतीक पीतल की घंटी, पीतल की आरती और तांबे का गंगासागर जल पात्र गायब थे.

पुलिस ने शुरू की जांच, नई धाराओं में केस दर्ज

पुजारी ने सुबह 8 बजे ही जीरापुर पुलिस को घटना की सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए. पुलिस ने पुजारी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. अनुमान लगाया जा रहा है कि वारदात 4 जून की रात से 5 जून की अलसुबह के बीच अंजाम दी गई.

थाने से 4 किलोमीटर दूर है मंदिर

ग्रामीणों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटनास्थल श्री हनुमान मंदिर नाईहेडा, जीरापुर थाने से पश्चिम दिशा में महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. इतनी कम दूरी होने के बावजूद चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बेखौफ होकर धार्मिक स्थलों को निशाना बना रहे हैं.

चार घंटे गुल रहेगी बिजली

खिलचीपुर 06 जून, सं. शहर में आज बिजली आपूर्ति चार घंटे के लिए बंद रहेगी. बिजली कंपनी 11 केवी खिलचीपुर पुराने फीडर का मेंटेनेंस कार्य करेगा. जिसके कारण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी. कंपनी के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य के दौरान पुलिस थाना, अस्पताल, इमली स्टैंड, बस स्टैंड, हरिजन बस्ती, काला जी की बाल्डी, भोजपुर नाका, नारदा कॉलोनी, लक्ष्मीबाई मार्ग, सुभाष चौक, खाती कुंडी, दर्जी गली, पिपली बाजार और सोमवारिया जिन सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी. बिजली कंपनी ने बताया कि यह कार्य पुराने फीडर के रखरखाव और तकनीकी सुधार के लिए आवश्यक है. इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर और सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है.

पेट्रोल पंप अग्निकांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग

नवभारत न्यूज

पचोर 06 जून, सं. विगत दिनों भारत पेट्रोल पंप पर हुई भीषण अग्निकांड दुर्घटना में मृतक एवं घायल नागरिकों को उचित मुआवजा, वाहन क्षतिपूर्ति एवं आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा कलेक्टर राजगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया.

जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष इंजी. भूपेन्द्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन के संदर्भ में आज रोशन खत्री, शांतिलाल नागर, मुकेश मेघवाल, विजय मालवीय, जय परिहार एवं देवेन्द्र सैनी ने कलेक्टर से मुलाकात कर पीड़ित परिवारों की समस्याओं से अवगत कराया तथा शीघ्र राहत एवं न्याय दिलाने की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 11 मई को पचोर स्थित पेट्रोल पंप पर हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी तथा कई नागरिक गंभीर रूप से घायल हुए थे. हादसे में कई लोगों के वाहन जलकर नष्ट हो गए. जिससे प्रभावित परिवारों पर भारी आर्थिक संकट आ गया है. ज्ञापन में मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, घायलों का निःशुल्क उपचार, जले हुए वाहनों की क्षतिपूर्ति, प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता, दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच तथा जिले के सभी पेट्रोल पंपों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा एवं सुदृढ़ीकरण की मांग की गई है.

प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से आग्रह किया कि मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं. कलेक्टर ने मामले पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया.

पीलूखेड़ी ओवरब्रिज पर एक महीने से पसरा अंधेरा

नवभारत न्यूज

पीलूखेड़ी 06 जून, सं. ओवरब्रिज पर पिछले एक महीने से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अंधेरे के कारण दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है. स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या को लेकर शासन के हेल्पलाइन नंबर 1033 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर कई बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से लोग नाराज़ हैं. इस ओवरब्रिज के प्रोजेक्ट इंचार्ज शिवप्रकाश और रेजिडेंट इंजीनियर रविंद्र पटेल से भी बात की गई लेकिन एक महीने बीत जाने के बाद भी लाइटें ठीक नहीं कराई गईं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात में ब्रिज पर अंधेरा होने से चोरी-लूट की घटनाओं का भी डर बना रहता है. वही बेयर हाउस मालिक अवधेश सक्सेना रहवासी देव चंद धनगर ने बताया कि पिछले 2 सालों से ब्रिज के सर्विस रोड भोपाल से आते समय बाई साइड का सर्विस रोड खराब पड़ा है जिसमे कई बार बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हुए हैं.

अधिक मास में भजन-कीर्तन से गूंज रहे मंदिर

नवभारत न्यूज

पडाना 06 जून, सं. नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अधिक मास को लेकर धार्मिक उल्लास का माहौल है. अधिक मास या पुरुषोत्तम मास के अवसर पर मंदिरों में महिला मंडलियों द्वारा विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है. इसी के चलते नगर के शीतला माता चौराहा स्थित श्री राम मंदिर, माली मोहल्ला श्री राम मंदिर और सदर बाजार श्री कृष्ण मंदिर शासकीय श्री राम मंदिर पटेल मोहल्ला श्री कृष्ण मंदिर, नरसिंह मंदिर इत्यादि में रोज शाम को महिलाओं की अलग-अलग टोलियाँ ढोलक, मंजीरे और झांझ की थाप पर अधिक मास के भजन गा रही.

शासकीय श्री राम मंदिर पुजारीन सावित्रीबाई व्यास ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार हर 3 साल में एक बार सूर्य और चंद्र कैलेंडर को बराबर करने के लिए एक अतिरिक्त महीना जुड़ता है.

इसे ही मलमास या अधिक मास कहते हैं. इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है क्योंकि भगवान कृष्ण ने इसे अपना नाम दिया था. कौशल्या बाई गायत्री बाई, रुक्मिणी बाई सुनीता सलोनी संगीता इत्यादि महिलाओं ने बताया है कि इस महीने में किये गये दान, जप, भजन और व्रत का फल 100 गुना मिलता है. इसलिए महिलाएँ सामूहिक रूप से भजन गाकर पुण्य अर्जित करती हैं.

बीकॉम के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

राजगढ़, 06 जून, का. उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के अंतर्गत, स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़) के वाणिज्य विभाग में बी.कॉम. इन (बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस) पाठ्यक्रम में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. रोजगार के आधुनिक अवसरों को देखते हुए इस कौशल आधारित पाठ्यक्रम में निर्धारित सीटों की संख्या 100 रखी गई है. खास बात यह है कि इस दौरान विद्यार्थियों को प्रति माह 10,000 से 12,000 रुपये तक स्टाइपेंड (मानदेय) प्राप्त होने का भी प्रावधान है.

भीषण गर्मी में यात्रियों के लिए अमृत बन रही जल सेवा

ब्यावरा 06 जून, का. मई-जून की इस झुलसा देने वाली और तपती गर्मी में जहां आम इंसान का घर से निकलना मुहाल है, वहीं ब्यावरा की मातृशक्ति स्टेशन पर यात्रियों का गला तर करने के लिए तत्पर है. ब्यावरा जागृति महिला मंडल (रचनात्मक समाज सेवी संस्था) के बैनर तले समाज सेवी माताओं, बहनों और बच्चों द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन निःशुल्क शीतल जल सेवा का अनूठा अभियान चलाया जा रहा है. शनिवार को भी प्रतिदिन की तरह जैसे ही ब्यावरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का आगमन हुआ, जागृति महिला मंडल की सदस्य और बच्चे शीतल जल के पात्र लेकर बोगियों की तरफ दौड़ पड़े. भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच सफर कर रहे यात्रियों को जब उनकी सीट पर ही ठंडा और साफ पानी मिला, तो उनके चेहरों पर सुकून साफ नजर आया. यात्रियों ने इस सेवा भाव के लिए संस्था और महिलाओं का सहृदय आभार व्यक्त किया. जागृति महिला मंडल की सचिव रचना भार्गव ने बताया कि यह जल सेवा कोई एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि इस भीषण गर्मी के मौसम में यह प्रतिदिन निरंतर चलाई जा रही है. संस्था के इस निस्वार्थ सेवा भाव को देखकर शहर के अन्य लोग भी इससे प्रेरित हो रहे हैं और लगातार इस पुनीत कार्य से नए लोग जुड़ते जा रहे हैं.

एक दूसरे के दु:ख दर्द को बांटना चाहिए

ब्यावरा 05 जून, सं. समीपस्त ग्राम खरेटिया में समस्त ग्रामवासियो द्वारा 1 जून से चल रही भागवत कथा के पांचवे दिवस भागवत प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि परिवार जन हो या भाई भाई एक दूसरे के दु:ख दर्द को बांटना चाहिए. ना कि जमीन जायदाद, परिवार ओर जनमानस में आपस मे प्रेम होता है वही रामराज्य है.

आंदोलन राजगढ़ में 463 संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

नहीं रुकी हड़ताल, ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 जून, का. मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ गई है. राजगढ़ जिले के लगभग 463 संविदा स्वास्थ्य कर्मी अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं. इस कार्य बहिष्कार के कारण जिला अस्पताल से लेकर ग्रामीण अंचलों के उप-स्वास्थ्य केंद्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं. सबसे ज्यादा असर बच्चों के नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य विभाग की ऑनलाइन रिपोर्टिंग पर पड़ा है, जो पूरी तरह ठप हो चुकी है.

2 जून से जारी है पूर्ण कार्य बहिष्कार

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश पटेल ने बताया कि प्रदेशव्यापी आह्वान पर आगामी 2 जून से जिले के सभी संविदा कर्मचारियों ने मोर्चा खोल रखा है. कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक सरकार उनकी जायज मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे. वर्तमान में सभी प्रकार के ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े और दैनिक समीक्षा व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है.

कर्मचारियों के आंदोलन की मुख्य धुरी उनकी 8 सूत्रीय मांगें हैं, जिनमें सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्थाई किया जाए. नियमित कर्मचारियों की तरह समान कार्य के लिए समान मानदेय मिले. एनपीएस और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए. प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए.

सरकार की चेतावनी बेअसर, 8 जून को भोपाल कूच की तैयारी- प्रशासन और सरकार द्वारा काम पर लौटने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद आंदोलनकारी कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं. जिला अध्यक्ष सुरेश पटेल ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा. इसी कड़ी में आगे की रणनीति के तहत 8 जून को राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी.

हम लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बनकर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार हमारी जायज मांगों की अनदेखी कर रही है. अब यह लड़ाई आर-पार की है. जब तक लिखित आदेश नहीं मिलता, हड़ताल खत्म नहीं होगी.

सुरेश पटेल, जिला अध्यक्ष, संविदा कर्मचारी संघ, जिला राजगढ़

अवैध मदिरा भंडारण पर पचोर की कंपोजिट दुकान पर छापा

सारंगपुर 06 जून, सं. मध्य प्रदेश आबकारी आयुक्त द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अवैध शराब और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है. इसी कड़ी में कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में सारंगपुर आबकारी विभाग की टीम ने पचोर (बी) स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान पर औचक निरीक्षण कर बडी कार्रवाई की है.

केस दर्ज-निरीक्षण के दौरान वृत्त प्रभारी सारंगपुर सौरभ कनासे को दुकान की जांच करने पर वहां बिना वैध ट्रांसफर परमिट के रखी मदिरा प्राप्त हुई. नियम विरुद्ध पाए जाने पर आबकारी टीम ने तुरंत मदिरा को अपने कब्जे में ले लिया. आबकारी अधिनियम के तहत विभागीय प्रकरण कायम कर मामले को विस्तृत विवेचना में लिया गया है.

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(A Central University / केंद्रीय विश्वविद्यालय)
चतुर्थ चक्र में NAAC द्वारा "A+" ग्रेड मान्यता प्राप्त

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) अकादमिक सत्र 2026-27 हेतु बीपीईएस (बैचलर ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश **शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)** द्वारा आयोजित **विभागीय प्रवेश परीक्षा** के माध्यम से होगा।

(क) **मुख्य विशेषताएँ :**
- प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर एवं वाई-फाई सुविधा युक्त विश्वविद्यालय परिसर 1300 एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है।
- विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्वान एवं अनुभवी संकाय सदस्य, 04 लाख से अधिक पुस्तकें, ई-जर्नल्स, इनफ्लिबनेट, डेलनेट सुविधायुक्त उत्कृष्ट केन्द्रीय पुस्तकालय और प्लेसमेंट सेल उपलब्ध हैं।
- छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास।
- आउटडोर और इनडोर गेम्स की सुविधाएँ, सुसज्जित जिम, स्पोर्ट्स स्टेडियम, फिजियोथेरेपी सेंटर, हेल्थ सेंटर, पोस्ट ऑफिस, बैंक, एडवांस्ड रिसर्च सेंटर, कैफेटेरिया इत्यादि।

(ख) **विभागीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए उपलब्ध प्रोग्राम :**
- बैचलर ऑफ़ फ़िज़िकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (BPES) (6/8 सेमेस्टर डिग्री कोर्स)। प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, सीटों की संख्या, आरक्षण नीति, प्रवेश परीक्षा के नियम, शुल्क इत्यादि से संबंधित जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर: www.dhsgsu.edu.in पर उपलब्ध **"बीपीईएस प्रवेश विवरणिका 2026-27" का अवलोकन करें।**

(ग) प्रवेश हेतु परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित की जायेगी।
ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 30 जून, 2026
कुलसचिव